शिक्षा का अधिकार

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

भोपाल, दिनांक 31/03/2021

क्र./पा.पु/राशिके/2021 641

प्रति

1. कलेक्टर
   समस्त जिले म.प्र.

विषयः- अप्रैल-2021 में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन।

म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र कमांक एफ44-4/2020/20-2 भोपाल दिनांक 30मार्च 2021के आदेश द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालय 15 अप्रैल 2021 तक बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सत्र 2020-21 में कोविड-19 के कारण कक्षा 1 से 8 के विद्यालयों का नियमित संचालन नहीं हो सका है। इस कारण संपूर्ण सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को रेडियो स्कूल, डिजीलैप, दूरदर्शन के माध्यम से आयोजित करके शिक्षण प्रक्रिया जारी रखी गयी है। संपूर्ण सत्र को ''हमारा घर-हमारा विद्यालय'' की अवधारणा पर पालकों एवं शिक्षकों के सहयोग से शिक्षण प्रक्रिया सुचारू रखने के प्रयास किए गए हैं।

नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2021 से प्रारंभ होना है। अतः इसी कम में शिक्षण व्यवस्था निरंतर करने हेतु निम्नानुसार शिक्षण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं-

A) **रेडियो स्कूल** - समय- प्रातः 10:00 से 11:00 एवं सायं 5:00 से 5:30

1. कक्षा 1 एवं 2 के लिए पाठ्यपुस्तक आधारित हिन्दी, गणित, अंग्रेजी विषयों में रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण किया जा रहा है।
2. कक्षा 3 से 8 के लिए दक्षता उन्नयन गतिविधियाँ तथा जॉयफुल लर्निंग पाठ्यसामग्री डिजीलैप के माध्यम से पूर्ववत दी जा रही हैं।
3. कक्षा 1 से 8 के लिए सायंकालीन प्रसारण में खेल/योग/कला/म्यूजिक/यातायात नियम जैसे कार्यक्रम रेडियो के माध्यम से नियमित प्रसारित किए जाएगें।

B) **DigiLEP** - समय- प्रातः 9:00 से 10:00

DigiLEP (Digital Learning Enhancement Programme) अंतर्गत कक्षा 1, 2 पाठ्यपुस्तक आधारित वीडियो तथा कक्षा 3 से 8 के लिए दक्षता उन्नयन गतिविधि आधारित वीडियो प्रतिदिन Whatsaap ग्रुप के माध्यम से शिक्षकों/पालकों/विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे तथा शिक्षकों के द्वारा उन वीडियो पर क्विज, प्रश्न आदि से सीखे गए का मूल्यांकन किया जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि शिक्षक लगातार डीजीलैप के वीडियोज को स्वयं देखें एवं बच्चों को वीडियो के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करें।

C) **दूरदर्शन पर शैक्षणिक कार्यक्रम** - समय- प्रातः 11:00 से दोपहर 12:30

कक्षा 6 से 8 के लिए दूरदर्शन पर विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान में विषय आधारित शिक्षण 25-25 मिनिट का किया जा रहा है। जिसके लिए समय सारणी DigiLEP के माध्यम से सभी जिलों को उपलब्ध कराई जा रही है। जिसे सभी विद्यार्थियों एवं पालकों तक पहुँचाने की व्यवस्था जिला स्तर से सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तर पर 1 अप्रैल 2021 से शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रारंभ करने हेतु समुचित निर्देश जारी करके शिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर विभिन्न माध्यमों का उपयोग करते हुए आवश्यक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

30/3/21

(जयश्री कियावत)
आयुक्त लोक शिक्षण
एवं संचालक राज्य
शिक्षा केन्द्र

पृ.क्र/पापु/राशिके/2021/ 642 **भोपाल दिनांक** 31/03/2021

प्रतिलिपि,

1. निज सचिव, मान. मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन, की ओर सादर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन, की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रमुख सचिव, आदिवासी विकास विभाग म.प्र. शासन, की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त आदिवासी विकास विभाग म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. संभाग आयुक्त, समस्त संभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिले म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण समस्त संभाग समस्त म.प्र. की ओर उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।
8. जिला शिक्षाधिकारी समस्त जिला म.प्र. की ओर पालनार्थ।
9. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग म.प्र. की ओर उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।
10. जिला परियोजना समन्वयक समस्त जिले म.प्र. की ओर पालनार्थ।
11. ICT कक्ष की ओर पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

आयुक्त लोक शिक्षण
एवं संचालक राज्य
शिक्षा केन्द्र